भारत सरकार

पोत परिवहन मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **762** जिसका उत्तर

गुरूवार, **21 नवम्बर**, 2019/30 कार्तिक, 1941 (शक) को दिया जाना है

कोलकाता पत्तन न्यास

762. सुश्री महुआ मोइत्राः

क्या **पोत परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पुट वोल्यूम के माध्यम से वर्तमान कार्गो और कोलकाता पत्तन न्यास का कार्गो-वार ब्यौरा क्या है; और

(ख) कोलकाता पत्तन न्यास द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं कि हुगली के किनारे को समूचा वाटर फ्रंट को पत्तन विकास के लिए बढ़ावा दिया जा रहा है?

उत्तर

पोत परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री मनसुख मांडविया)

(क) कोलकाता पत्तन न्यास का कार्गो 'थ्रू पुट' और राजस्व नीचे दिए गए हैं:-

कार्गो का प्रकार	कार्गो '000 टनों में)		राजस्व (करोड़ रु. में)	
	2018-19	अप्रैल-अक्तूबर 2019	2018-19	अप्रैल-अक्तूबर 2019
लिक्विड बल्क	14905	8993	139.49	88.25
ड्राई बल्क एवं ब्रेक बल्क	35784	19,754	513.68	300.06
कंटेनर	13074	7723	382.31	236.20
कुल	63763	36470	1035.48	624.51

(ख) कोलकाता पत्तन न्यास के संरक्षण अधिकार क्षेत्र अधिसूचित पत्तन सीमा के तहत नदी के किनारे बृहत् ज्वार के समय 45.7 मीटर के उच्च जलांक तक फैला हुआ है। इस प्रकार का समस्त क्षेत्र पत्तन न्यास के स्वामित्व में नहीं है। पत्तन गतिविधियों के लिए तट के साथ वाली जगह की उपयुक्तता, सहायक भूमि के प्रकार, नदी की उपलब्ध प्राकृतिक गहराई, निकासी सुविधाओं आदि पर निर्भर करती है। यह पत्तन न्यास, हल्दिया में नदी पर बाहरी टर्मिनल-।। में पत्तन सुविधाएं, सलूकखली में पत्तन सुविधाएं, हावड़ा में पत्तन के स्वामित्व वाली जगह पर पोत मरम्मत/निर्माण सुविधाएं आदि के विकास का कार्य कर रहा है। पत्तन की अपनी भूमि के विकास के अतिरिक्त, कोलकाता पत्तन न्यास ने निजी व्यक्तियों को कुल्पी में अपने स्वामित्व वाली तट के साथ की भूमि का उपयोग पोत भंजन के लिए सुविधाओं का सृजन करने के लिए प्रोत्साहित किया है।

*****